महाराजा अग्रसेन बरिष्ठ नागरिक निकेत
श्री भगवान दास जी अग्रवाल द्वारा निर्माणकार्य प्रगतिपर है।

महाराजा अग्रसेन प्राकृतिक चिकित्सालय एवं योग केंद्र
३ दिसम्बर २०२२, भूमि पूजन सम्पन्न निर्माण कार्य प्रारम्भ
श्री ओम जी जालान द्वारा निर्माण किया जायेगा।

महाराजा अग्रसेन बिद्यालय
३ दिसम्बर २०२२, भूमि पूजन सम्पन्न निर्माण कार्य प्रारम्भ
श्री दिनेश जी - विवेक जी आडुकिया द्वारा निर्माण किया जायेगा

महाराजा अग्रसेन गोशाला
३ दिसम्बर २०२२, भूमि पूजन सम्पन्न निर्माण कार्य प्रारम्भ
श्री बिनोद जी - श्याम जी अग्रवाल द्वारा निर्माण किया जायेगा।

प्रस्तावित तृतीय चरण प्रकल्प

महाराजा अग्रसेन विवाह भवन

महाराजा अग्रसेन हवेली

महाराजा अग्रसेन धाम पश्चिम बंगाल में हाबड़ा जिले के बागनान में स्थित है। यह पूर्वी भारत के अग्रवाल समाज की प्रतिनिधि संस्था है, जिसकी स्थापना का संकल्प कर्मयोगी स्व. पुष्करलाल केडिया ने किया था। हमारी संस्था द्वारा सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, ज्ञान तथा विरासत की सम्भाल के लगभग 14 प्रकल्प विशाल भूखण्ड पर निर्मित हो रहे हैं।

पश्चिम बंगाल के तत्कालीन राज्यपाल श्री केशरीनाथ त्रिपाठी के कर कमलों से वर्ष 2015 में एक साथ 13 प्रकल्पों का शिलान्यास एवं महाराजा अग्रसेन मेडिकल सेंटर का उद्घाटन सम्पन्न हुआ था। विशाल भूखण्ड पर अब तक 5 सेवामूलक प्रकल्प, महाराजा अग्रसेन मेडिकल सेंटर, महाराजा अग्रसेन मनोविकास सेवा केंद्र, महाराजा अग्रसेन दिव्यांगजन सेवा केंद्र, महाराजा अग्रसेन वाटिका, महाराजा अग्रसेन कौशल विकास केंद्र, तैयार हो चुके हैं। हर समाज के लोग इनसे लाभान्वित हो रहे हैं। महाराजा अग्रसेन वरिष्ठ नागरिक निकेत प्रकल्प का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

निम्न प्रकल्पो का 3 दिसंबर 2022 को शिलान्यास सम्पन्न हो गया और निर्माण कार्य प्रारम्भ हैं। जिसमे अग्रकुल देवी महालक्ष्मी जी मंदिर जो विश्वस्तरीय बनाने की परिकल्पना की गई है, महाराजा अग्रसेन विद्यालय, प्राकृतिक चिकित्सालय एवं योगा केंद्र और महाराजा अग्रसेन गोशाला।

तृतीय चरण में महाराजा अग्रसेन विवाह भवन एवं महाराजा अग्रसेन हवेली आदि का निर्माण करना संकल्पित है।

महाराजा अग्रसेन जी की जयन्ती पर हमारी संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष एक विशेष समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसमें सेवा, शिक्षा, चिकित्सा आदि क्षेत्रों में उपलब्धियां अर्जित करने वाली अग्रवाल समाज की विशिष्ट हस्तिय़ों को अग्र गौरव सम्मान प्रदान किया जाता है।

विशेष आग्रह है समाज के सभी लोगो से जब भी समय मिले अग्रसेन धाम आए वहां का भ्रमण करें, स्वयं भी जुड़ें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जुड़ने के लिए प्रेरित करें, यह धाम समस्त अग्रवाल समाज का है।

ओम जालान
अध्यक्ष

श्याम सुन्दर अग्रवाल
कोषाध्यक्ष

निर्मल सराफ
मंत्री

मुरारीलाल दीवान **दीपक अग्रवाल** **भगवान दास अग्रवाल** **दिनेश आडुकिया**

Maharaja Agrasain Dham
Corresponding Address:
23, Mecleod Street, Ground Floor, Kolkata - 700016
Mobile: 79801 09085, E-mail: maharajaagrasain@gmail.com

।। श्री अग्रसेन जयते ।।

महाराजा अग्रसेन धाम